
**भाग्यं भवति कर्मणा**

**मासिक राशिफलमाह –नवम्बर2012**

**प्रातः कालीन ग्रह स्थिति 01.11.2012**




**मेष**–चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

विरोधियों के साथ भी रचनात्मक विरोध की रणनीति कारगर सिद्ध होगी। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा मे किये गये प्रयास सार्थक परिणाम की ओर अग्रसर होंगे। पारिवारिक सदस्यों की भावनाओं को ध्यान रखकर कार्य करने की कला स्वजनों को बेहद प्रभावित कर सकती है अनायास धनागम मार्ग की ओर प्रगति सत्र स्थापित होंगे। जीविकोपार्जन सम्बन्धी समस्याएं सुलझ जायेंगी। तारीख 3, 4, 5, 9, 10, 11, 12, 13 शुभ है।

**वृष**– ई, ऊ, ऐ, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

खान–पान व्यवस्था का विस्तार होगा। किसी न किसी प्रकार का मानसिक असंतोष तनाव का वातावरण बनायेगा। संतान पक्ष के क्रिया कलापों से आत्म सन्तुष्टि की अनुभूति होगी। जीवन साथी के साथ तीखी–मीठी झड़प का आनन्द भी मिल सकता है। शेयर मार्केट, सट्टा बाजार मे अतिरिक्त पूंजी निवेश अहितकर सिद्ध होगा। मिश्रित परिणामदायक यात्राओं के प्रकरण भी

एकत्रित होंगे। पठन–पाठन कार्यक्रमों मे आशानुकूल प्रगति की राह पर अग्रसर रहेंगे। पेट सम्बन्धी रोगों से सावधानी बरतना हितकर होगा। तारीख 1, 2, 5, 6, 7, 11, 12, 13 उत्तम सूचक है।

**मिथुन–** का, की, कू, के, को, हा, ध, ण, छ

सामाजिक संरचना निर्माण कार्यों मे आपकी संलग्नता सामाजिक ख्याति वृद्धि का वातावरण बनायेगी। भूमि सम्बन्धी वाद–विवाद मामलों मे लाभान्वित रहेंगे। सार्थक किन्तु अनचाहे खर्च की सीमा रेखा लगातार बढ़ती प्रतीत होगी। घर ग्रहस्थी सम्बन्धी कामकाज धीरे–धीरे चलते फिरते प्रतीत होंगे। प्रगतिकारी कार्ययोजनायें भी विस्तार रुप ले सकती हैं। अनैतिक कृत्य और अनैतिक व्यक्तियों से जनसम्पर्क के कारण मन मलीन रहेगा। धार्मिक आस्था के विभिन्न अवसर आयेंगे। तारीख 2, 3, 4, 7, 8, 9, 14, 15, 16 प्रगतिकारक सिद्ध होगी।

**कर्क–** ही, हू, हो, डा, डी, डू, डे, डो

युवा वर्ग तथा स्त्रीपक्ष का सानिध्य और सहयोग लगातार मिलता रहेगा। अनचाही यात्रायें आपको शारीरिक एवं मानसिक रुप से कष्टित कर सकती है राज्याधिकारियों की कृपा के चलते राजकीय कार्यों मे लाभ की ओर अग्रसर रहेंगे। कब्ज, गैस आदि का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक लाभ की दिशा मे किये गये प्रयासों से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। सामाजिक क्रिया–कलापों मे विध्न बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। तारीख 1, 2, 5, 6, 9, 10, 11 उन्नतिकारक सिद्ध होगी।

**सिंह**– मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

पारिवारिक मामलों मे सच और झूठ की कसौटी पर सत्य का वनज अधिक प्रतीत होगा। वाणी मे शिष्टता और सौम्यता की अनुभूति स्वजनों को बेहद प्रभावित करेगी। शासन प्रशासन सम्बन्धी कामकाज आंशिक लाभकारक प्रतीत होंगे। ग्रहस्थ आश्रम की गाड़ी धीरे–धीरे चलती दिखाई देगी। साझेदारी व्यापार से अल्प लाभ की उम्मीद करना हितकर होगा। भूमि, प्रापर्टी आदि की दिशा मे प्रयास सफल सिद्ध होंगे। तारीख 2, 3, 4, 7, 8, 9, 12, 13 शुभ कारक प्रतीत होगी।

**कन्या–** टो, पा, पी, पू, पे, पो, ष, ण ठ

कठारेतम भाषा शैली का प्रयोग पारिवारिक सदस्यों से मतभेद की स्थिति पैदा कर सकती है। आप द्वारा पेय पदार्थों का अधिकाधिक सेवन बढ़ेगा। भोग विलास, ऐश्वर्य के संसाधन जुटाने की मानसिकता मन से बाहर आयेगी। अनायास किसी धार्मिक रमणी स्थल की यात्रा की प्रबल संभावना है। व्यवहारिक जीवन मे उदासीनता आपको कठिनाइयों मे डाल सकती है। साहसिक कारनामों को अंजाम देने की अद्भुत क्षमता आपके पास मौजूद रहेगी। राजकीय मामलों मे आंशिक लाभ रहेगा। तारीख 5, 6, 7, 10, 11, 14, 15, 16 उत्तम सूचक सिद्ध होंगी।

**तुला–** रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते

विलासितापूर्ण कार्य आपके अनचाहे और अतिरिक्त व्यय भार के मार्ग प्रसस्त करेंगे। कठिन से कठिन परिस्थितियों मे आपका सूझबूझ से काम करना हितकर होगा। मौसम के बदलते मिजाज के कारण शारीरिक कष्ट भी मिल सकता है। आवेश मे आकर बातचीत करना तथा क्रोध मे आकर निर्णय लेना आपके लिये अहितकर साबित होगा। माह का दूसरा सप्ताह आपके कामकाज की सफलता का सूचक सिद्ध होगा। ग्रहस्थ जीवन मे कठिनाइयों के साथ सामन्जस्य स्थापित रहेगा। पढ़ने–लिखने के उचित माहौल की कमी खलेगी। तारीख 5, 6, 7, 8, 9, 11, 12, 13 प्रगतिकारक प्रतीत होगा।

**वृश्चिक –** तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

तर्क–वितर्क, वाद–विवाद भय की लगातार स्थितियां बनती बिगड़ती प्रतीत होंगी। व्यापारिक माहौल के बदलने के भी पूर्ण आसार दिखाई देंगे। गृहिणी की सूझबूझ के चलते ग्रहस्थ जीवन सामान्य रुप से चलेगा। दौड़धूप और व्यस्तता के अतिरिक्त प्रसंग आपकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करेंगे। नृत्य, संगीत आदि के कार्यक्रमों मे आपकी भागीदारी के अवसर आ सकते हैं। आय और व्यय मे तालमेल बैठाना कठिन सिद्ध होगा। तारीख 1, 2, 7, 8, 9, 10, 11 उन्नतिकारक प्रतीत होंगी।

**धनु–** ये, यो, भी, भी, भू, भे, ध, फ ढ़

विरोधियों के साथ भी आपका सामान्य और शिष्ट व्यवहार आमजन को प्रभावित कर सकता है। पेट सम्बन्धी रोगों का सामना करना पड़ेगा। लाभ और खर्च के बीच का सन्तुलन कठिनाइयों भरे सफर की तरह प्रतीत होगा। आजीविका सम्बन्धित मामलों मे लाभ मार्ग की ओर अग्रसर रहेंगे। साहसिक कार्यों मे आपकी संलग्नता लगातार बरकरार रहेगी। आडम्बर

विहीन धार्मिक आस्था के प्रबल समर्थक होंगे। मृदुभाषी बनकर पारिवारिक सदस्यों से सहयोग प्राप्त करने मे सफल हो सकते हैं। तारीख 2, 3, 4, 9, 10, 11, 12, 13 शुभ कारक सिद्ध होगी।

**मकर–** भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

प्रबल धार्मिक आस्था जाग्रत होगी। अनायास शिक्षण प्रशिक्षण सम्बन्धी क्रिया कलापों मे आपकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। आमोद प्रमोद के संसाधन बढ़ाने के प्रयासों को बल मिलेगा। लाटरी, शेयर, सट्टा बाजार का रुख अभी आपके लिये बेहतर नही है। माह के पहले सप्ताह मे व्यापार मे प्रगतिशील स्थितियां निर्मित होंगी। गृहिणी का आशानुकूल सहयोग प्राप्त होगा। आजीविका की दिशा मे किये गये प्रयास सर्वोत्तम फलकारक सिद्ध होंगे। राजनैतिक व्यक्तियों के साथ आपका जनसम्पर्क बढ़ता प्रतीत होगा। तारीख 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 20 उत्तम सूचक प्रतीत होगी।

**कुम्भ–** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द

धार्मिक आस्था धार्मिक अनास्था मार्ग की ओर परिवर्तित होगी। अनचाही यात्राओं का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। जीवन साथी का सहयोग और सानिध्य आपको पारिवारिक जीवन मे राहतकारी प्रतीत होगा। अनायास प्रशासनिक अधिकारियों की सहयोगी भावना के चलते बिगड़ते काम बनते नजर आयेंगे। माता–पिता, अभिभावक आदि का स्वास्थ्य मानसिक रुप से चिन्तित करेगा। न्यायालय सम्बन्धी कामकाज मे गातिशीलता का अभाव रहेगा। तारीख 5, 6, 7, 8, 9, 14, 15, 16 सुखदपूर्ण अहसास करायेगी।

**मीन–** दी, दू, दे, दो, थ, झ, अ, चा, ची

गृहिणी के साथ मधुरतम पलों का बेहतर सदुपयोग होगा। भोजन व्यवस्था मे अतिरिक्तता बोधस्यम को प्रतीत हो सकता है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा मे किये गये प्रयास सार्थक परिणामदायक प्रतीत होंगे। ईश्वर अराधना के मामले मे असमन्जस की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसायिक हित साधन वाले सम्पर्क सूत्रों पर आपकी पकड़ मजबूत रहेगी। राजनैतिक मामलों से आपेक्षित लाभ की प्रबल संभावना है। तारीख 1, 2, 9, 10, 11, 16, 17, 18 प्रगतिकारक सिद्व होगी।

**माह के व्रत, पर्व और त्यौहार**

1. श्री संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रतम्, करक (करवा चौथ) – 02 नवम्बर, शुक्रवार।
2. बुधाष्टमी, अशोक अष्टमी, राधा अष्टमी, कराष्टमी (महाराष्ट्र) – 07 नवम्बर, शनिवार।
3. रम्भा एकादशी व्रतम् सर्वेषाम, गोवत्स द्वादशी – 10 नवम्बर, शनिवार।
4. प्रदोष त्रयोदशी व्रतम्, धन त्रयोदशी (धनतेरस) – 11 नवम्बर, रविवार।
5. मासशिवरात्रि चतुर्दशी व्रतम्, नरक चतुर्दशी, हनुमान जयन्ती – 12 नवम्बर, सोमवार।
6. स्नान दान व श्राद्ध की अमावस्या, दीपावली – 13 नवम्बर, मंगलवार।
7. अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, मार्गपाली बन्धन प्रतिपदा – 14 नवम्बर, बुधवार।
8. यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया, चित्रगुप्त पूजा – 15 नवम्बर, गुरुवार।
9. श्री वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रतम्, दूर्वा चतुर्थी – 17 नवम्बर, शनिवार।
10. बुधा अष्टमी, गोपाष्टमी, श्री दूर्गा अष्टमी, ओली प्रारम्भ (जैन) – 21 नवम्बर, बुधवार।
11. हरिप्रबोधिनी एकादशी व्रतम् सर्वेषाम् – 24 नवम्बर, शनिवार।
12. स्नान दान व व्रत की पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, गुरुनानक देव जयन्ती – 28 नवम्बर, बुधवार।


**पं0 आनन्द अवस्थी : पटेल नगर कालोनी बछरावां,**
**रायबरेली डी–79, साउथ सिटी, लखनऊ, लखनऊ एम0बी0 नं0– 9450460208**
**Website-www.aarshjyotish.in, ----E-mail :**
**panditanandawasthi@aarshjyotish.in**